28.10.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे–जयपुर और जोधपुर में भी रोजगार मेलों का आयोजन।

○ प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में 11 पर्चे खारिज।

○ राज्य सरकार ने माइनर खनिजधारकों की लीज अवधि बढ़ाने का अधिकार खनिज अभियंताओं को दिया।

○ भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देशभर में आज से सतर्कता जागरुकता सप्ताह की शुरूआत।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला पूरे देश के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल के जरिए बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। इस पोर्टल पर 14 सौ से अधिक ई–लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

जयपुर में रोजगार मेला सी–स्कीम स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानून और न्याय मंत्री तथा केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे।

जोधपुर के जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि होंगे।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। इन सीटों के लिए कुल 118 नामांकन भरे गये थे। इनमें से 11 पर्चे खारिज किये गये हैं। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में 15 नामांकन वैध माने गये जबकि एक नामांकन खारिज किया गया। देवली–उनियारा में दस नामांकन सही पाए गये जबकि दो नामांकन खारिज हुए। झुंझुनूं में भी एक पर्चा खारिज किया गया है जबकि 20 नामांकन सही पाए गये। खींवसर में 16 नामांकन वैध पाए गये और दो नामांकन खारिज हुए। रामगढ़ में सभी 14 पर्चे सही पाए गये। सलूम्बर में 11 नामांकन सही पाए गये और एक नामांकन खारिज हुआ है। दौसा में 24 में से 20 नामांकन सही पए गये और 4 पर्चे खारिज कर दिये गये।

इच्छुक उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। नाम वापसी के बाद ही इन सीटों पर उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

000

केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम की शिकायत निपटान प्रणाली के मोबाइल एप का शुभारम्भ किया। यह एप चावल मिल मालिकों की शिकायतों के निपटारे में मदद करेगा। यह केन्द्र द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों की संतुष्टि के लिए अपनाये गये उपायों में से एक है। श्री जोशी ने कहा कि सरकार कुशल प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर लगातार विशेष ध्यान दे रही है।

...............

000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत आज हर क्षेत्र में तेज़ गति से विकास कर रहा है और इसमें युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। वे आज उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आईआईटी–बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री प्रधान ने संस्थान की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए लगभग चार सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों के एक हजार 954 स्नातकों को डिग्रियां प्रदान कीं।

000

भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में हाल ही कुछ मेडिकल विद्यार्थियों के साथ हुई रैंगिंग के मामले में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने संज्ञान लिया है। जूनियर विद्यार्थियों के साथ सीनियर विद्यार्थियों द्वारा रैंगिंग करने की जानकारी मिलने के बाद कराई गई प्रारंभिक जांच में दस विद्यार्थी दोषी पाए गए, जिनमें सात सीनियर छात्राएं शामिल हैं। इन सभी को कॉलेज प्रशासन ने सात दिन के लिए निष्कासित कर दिया है। वहीं एक महीने तक उन्हें पुस्तकालय, खेल और जिम जैसी गतिविधियों से भी निष्काषित किया गया है। यह सभी आदेश दीपावली बाद से लागू होंगे। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. तरुण लाल ने बताया कि पिछले दिनों 13 छात्राओं को उनके सीनियर विद्यार्थियों ने हॉबी पूछकर जबरन गाना गाने के लिये मजबूर किया था। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग–एनएमसी ने इसकी जानकारी मिलने पर कॉलेज प्रशासन से जवाब तलब किया। आयोग ने पूरे मामले की गहनता से जांच कराई और दोषी विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाया गया। एंटी रैंगिंग कमेटी ने दोनों पक्षों के बयान लिए, जिनमें सभी दस सीनियर विद्यार्थियों को दोषी मानकर उनके खिलाफ कार्यवाई अमल में लाई गई है।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश के माइनर खनिजधारकों की लीज अवधि बढ़ाने के अधिकार संबंधित खनिज अभियंता और सहायक अभियंता को दे दिए हैं। इससे माइनर खनिजधारकों को लीज अवधि बढ़ाने के लिए अलग–अलग स्तर पर आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि अब तक माइनर खनिज लीज की अवधि बढ़ाने के लिए राज्य सरकार, निदेशक माइंस, अतिरिक्त निदेशक और अधीक्षण खनिज अभियंता स्तर पर आवेदन करना होता था। श्री रविकान्त ने बताया कि इसी तरह से माइनर मिनरल्स के खनन पट्टाधारी और लाइसेंसधारकों की क्वारी लाइसेंस अवधि 2040 तक बढ़ाने के बाद देय प्रीमियम राशि को भी अधिकतम पांच किस्तों में जमा करा सकेंगे।

000

देशभर में आज से सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का विषय है – राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्य निष्ठा की संस्कृति। सप्ताह की शुरूआत मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संस्थानों के कर्मचारियों के शपथ ग्रहण के साथ हुई।

इस सप्ताह के दौरान भ्रष्ट कार्यप्रणालियों के विरुद्ध जागरूकता का प्रसार करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सप्ताह के स्मरण में प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है।

प्रदेश में भी आज सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत शपथ के कार्यक्रम हुए जयपुर में विभिन्न विभागों और कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। आकाशवाणी केन्द्र जयपुर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली।

कोटा में राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों और कार्मिकों को प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने एकता, अखंड़ता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। जोधपुर के एम्स में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों की भागीदारी बढाने के लिए स्लोगन प्रतियोगिता, व्याख्यान, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी और साइक्लोथॉन जैसी कई गतिविधियों का

आयोजन किया जाएगा। भीलवाड़ा में केंद्रीय कार्यालयों में आज पोस्टर जारी कर कर्मचारियों को जागरुक किया गया

000

युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के दो लाख 37 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान आज नई दिल्ली में इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक स्वयंसेवकों को आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना है। 'इस अवसर पर श्री मोहन ने कहा कि इसके तहत कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री मोहन ने कहा कि आने वाले समय में यह युवा आपदा मित्र समाज के पहली पंक्ति के रक्षक बनने के लिए तैयार होंगे। इस वर्ष जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चार सौ 70 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से युवा आपदा मित्र योजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसे देश के तीन सौ 15 आपदा संभावित क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के आवेदन करते समय सावधानी बरतने का परामर्श दिया है। बोर्ड ने आज एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ स्वयं के मूल पहचान पत्र जैसे आधारकार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस लगाए जाते हैं। सभी परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे मूल पहचान पत्रों में लगी फोटो तीन साल या उससे अधिक पुरानी होने पर पहचान पत्र में फोटो को अपडेट करा लें। इससे परीक्षा के समय उनके प्रवेश पत्र की फोटो का मिलान करने में आसानी होगी। ऐसा नहीं होने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने में कठिनाई हो सकती है।

000

सशक्त समाज अभियान के तहत आज बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में दिव्यांगजन के लिए सहायक अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज़िला प्रशासन तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगों को सहायक कृत्रिम अंगों और उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने कहा कि समन्वित प्रयास – सशक्त समाज अभियान का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन को सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनके जीवन में गुणात्मक सुधार लाना है। ये अभियान दिव्यांगों के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान ज़िला कलेक्टर टीना डाबी और कई जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने त्यौहारों पर अत्यधिक यात्री भार को देखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान शुरू किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस अभियान के लिए रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के साथ सिविल डिफेंस के जवानों को भी तैनात किया जा रहा है।

000